हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 उपायुक्त ने सांघन के खेतों में फसल अवशेष ..



11 पौधरोपण जीवन का आधारः सतपाल जांबा



## खबर संक्षेप

### दो पिस्तौल-जिंदा कारतूस के साथ एक युवक दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गोहाना रोड पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से दो पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गोहाना रोड पर ढाबे के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### खेत में पानी लगाने गए किसान पर किया हमला

**उचाना।** उचाना थाना पुलिस ने गांव अलीपुरा में फसलों में पानी देने गए किसान पर रंजिश के तहत जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल करने पर मामला दर्ज किया है। घायल को उपचार के लिए जींद से पीजीआईएमएस रोहतक रेफर किया गया है। अलीपुरा निवासी बलराज ने उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि किसान है। 16 सितंबर रात को वह पानी लगाने के लिए गया था।

### मारपीट करने पर एएसआई समेत पांच के खिलाफ केस

**जींद।** जमीन विवाद में मारपीट करने पर जुलाना थाना पुलिस ने अदालत के आदेश पर एएसआई समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बराडखेड़ा निवासी रामेश्वर ने अदालत मे याचिका दायर कहा था कि पड़ोसी महाबीर जबरन उनकी दीवार में हिस्सा कर रहा था। जिसको लेकर आपस में खींचतान को हो गई।

### करियाना की दुकान से हजारों का सामान चोरी

**कैथल।** कस्बा गुहला से चोर एक करियाना की दुकान से हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। गांव सलेमपुर के भगवान दास ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कस्बा गुहला में एसडीएम कोर्ट के सामने करियाना की दुकान करता है । आरोप है कि चोरों ने 17 सितंबर की रात को उसकी दुकान में घुसकर वहां से हजारों रुपए का सामान चुरा लिया।

### 1200 रुपये का पेट्रोल डलवा कर चालक फरार

**जींद।** गांव गढ़ी में फिलिंग स्टेशन पर चालक कार में पेट्रोल डलवा बिना भुगतान किए फरार हो गया। गढ़ी थाना पुलिस ने फिलिंग स्टेशन मैनेजर की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव उझाना निवासी सतबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव गढ़ी फिलिंग स्टेशन पर मैनेजर के पद पर कार्यरत है।

### मारपीट में चाचा भतीजा घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** गांव बलवंती के निकट हुई मारपीट में चाचा भतीजा घायल हो गए। अस्पताल में दाखिल करवाया है। अजमेर ने शिकायत में बताया कि 15 सितंबर को जब उसका भाई राजकुमार तथा उसका लडका राहुल गांव से गुजर रहा था तो गांव के मंगल, मंगतराम, गुरप्रीत, सोमा, महा सिंह आदि ने मिलकर उनका रास्ता रोककर उसके राजकुमार तथा उसके लड़के राहुल पर लाठी से हमला कर घायल कर दिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जींद।** कैरखेड़ी के पास तेजरफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोहचब निवासी सतबीर ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### कातिलाना हमला करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना तितरम क्षेत्र में एक व्यक्ति पर कातिलाना हमला करने के मामले की जांच थाना तितरम पुलिस के एसआई सुभाष चंद्र की टीम द्वारा करते आरोपी गांव सारण निवासी अंकेश, मिथुन, विक्की व जितेंद्र सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव सारण निवासी रामकिशन सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पार्टल पर विवरण देने वालों को मिलेगा लाभ, खुद भरना होगा फसल का वजन

# किसान खुद काटेगा अपना गेट पास, स्वयं तय करेगा फसल बेचने की तारीख, क्यू आर कोड से सीधी एंट्री

### फसल बेचने के लिए नही काटने पडेंगें मंडी के चक्कर

ई खरीद हरियाणा एप पर मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

धान फसल की आवक जल्द होने वाली है। खरीद को लेकर अनाज मंडियां भी तैयार हैं। फसल बेचने के दौरान किसानों को कोई दिक्कत न आए। इसको लेकर ई खरीद हरियाणा एप पर किसानों को और सुविधा बढा दे गई है। जिसमें किसानों को अब गेट पास के लिए अनाज मंडी के चक्कर नही लगाने पडेंगे। किसान अब अपनी सुविधा अनुसार बेचने की तारीख लेकर अपना गेट पास खुद काटेगा। यही नही किसान अपनी फसल का वजन भी स्वयं भरेगा। इस सुविधा का लाभ वही किसान उठा सकते हैं। जिन्होंने मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पार्टल अपनी भूमि तथा फसलों का विवरण दर्ज कराया हुआ है। पिछले वर्ष जींद अनाज मंडी में 26 हजार 874 क्विंटल की सरकारी तथा 15.37 लाख क्विंटल धान की खरीद प्राइवेट एजेंसियों ने की थी।



जींद की अनाज मंडी।

**किसानों के सभी झंझट खत्म**

खुद का गेट पास काटने के साथ किसान अपनी फसल के वजन का विवरण भी देगा। अगर किसी किसान से फसल का वजन गलत भरा जाता है तो चिंता करने की कोई बात नही है। मार्केट कमेटी कार्यालय में जाकर उसे किसान ठीक करवा सकता है। किसान एप पर जे फार्म भी ले सकता है। किसान की फसल बिकने के साथ उसकी कीमत निर्धारित समय अवधि में किसान के खाते में चली जाएगी। गेट पास एप से कटने तथा बेचने की तारीख का ऑप्शन दिए जाने से किसानो के काफी झझंट खत्म हो गए है।

**अब क्यूआर कोड को दिखा कर सीधा होगी एंट्रीः** पहले किसानों को गेट पास के लिए अनाज मंडी के चक्कर लगाने पड़ते थे। लाइन भी लंबी लगती थी। जिसके चलते मंडी में आवक के दौरान अव्यवस्था बन जाती थी। जिससे समय के साथ किसान का अतिरिक्त खर्च करना पड़ता था। एप डाउनलोड के साथ अपनी सुविधा के अनुसार खुद एप पर गेट पास बनाकर सकता है। जिसमें फसल बेचने तारीख भी खुद किसान निर्धारित करेगा। किसान को एप पर जो क्यूआर कोड मिलेगा, उसे दिखा कर बिना लाइन में लगे फसल के सीधा मडी में इट्री करेगा।

**सुविधा मिलेगी**

मार्केट कमेटी सचिव संजीव जांगडा ने बताया कि किसानों को ई खरीद हरियाण पर गेट पास तथा फसल बेचने की तारिख निर्धारित करने का ऑप्शन दिया गया है। किसानों को गेट पास के लिए अनाज मंडी के चक्कर नही लगाने पडेंगें। किसान अपनी फसल का वजन भी स्वयं भरेगा। इस सुविधा से किसानों का लाइन मे नही लगना पडेगा।

## जींद की 17 मंडियों में प्रारंभ होगी धान की सरकारी खरीद

- प्रदेश सरकार ने धान की खरीद की तारीख नहीं की निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पीआर धान की खरीद जिला की 17 अनाज मंडियों में होगी। प्रदेश सरकार ने इन अनाज मंडियों को आबंटित कर दिया है। हालांकि अभी तक धान की खरीद की तारीख निर्धारित नहीं की है लेकिन उम्मीद है कि एक अक्टूबर से धान की खरीद का काम शुरू हो जाएगा। इसको लेकर प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था कर ली है वहीं हैफेड के पास पर्याप्त मात्रा में बारदाना है। प्रदेश सरकार ने खरीद एजेंसियों हरियाणा वेयर हाउस, हैफेड, भारतीय खाद्य निगम व खाद्य एवं पूर्ति विभाग को मंडियों में मापक यंत्र, बारदाना व आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए। इनके अलावा मार्केट कमेटी को निर्देश दिए हैं कि सभी मंडियों में बिजली, पेयजल, सफाई, शौचालय, कीटनाशक छिड़काव एवं मच्छरनाशी दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अलावा धान खरीद से संबंधित सभी बिलों का सत्यापन कर भुगतान समयबद्ध तरीके से किया जाए ताकि किसानों को उनकी फसल की राशि समय पर मिल सके। जिले में नरवाना, सफीदों, अलेवा, जुलाना व पिल्लूखेड़ा समेत अन्य खंडों में ज्यादातर किसान पीआर धान लगाते हैं। इसके कारण मंडियों में अक्टूबर और नवंबर में सबसे अधिक आवक इसी धान की होती है। इसको देखते हुए जिले में इस बार 17 मंडियों को पीआर धान खरीद के लिए चुना गया है।

**इन मंडियों में होगी धान की खरीद**


प्रदेश सरकार ने जिले की इन मंडियों को धान की खरीद के लिए चयनित किया गया। इनमें जिल के क्षेत्र अलेवा, बरटा, छातर, धमतान साहिब, गढ़ी, जींद, जुलाना, खरल, मंगलपुर, नगूरां, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, सफीदों, उचाना, दनौदा, काब्रच्छा गांव की मंडी में धान की सरकारी खरीद की जाएगी। ऐसे में किसानों को धान बेचने के लिए ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा।

**खरीद को लेकर मार्केट कमेटी तैयार**

मार्केट कमेटी सचिव संजीव कुमार ने बताया कि धान की खरीद को लेकर मार्किट कमेटी की पूरी तैयारी है। अनाज मंडी में स्ट्रीट लाइट, पेयजल, शौचालय दुरूस्त करवा दिए हैं। इसके अलावा शेड के नीचे रखा सामान भी हटवा दिया है। किसानों को धान बेचने में कोई परेशानी नहीं आएगी।

### सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 2.90 लाख

**कैथल।** कैथल में आयकर विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से 2.90 लाख ठगने का मामला सामने आया है। गांव फरल के कुलदीप सिंह की शिकायत पर पुलिस ने गांव अहमदपुर सिरसा के राय सिंह और उसके बेटे गुरुप्रेम के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में कुलदीप ने बताया कि वह सहकारी शुगर मिल सोनीपत में कार्यरत है और इस समय डेपुटेशन पर कैथल शुगर मिल में तैनात है। राय सिंह भी उसके साथ सोनीपत शुगर मिल में काम करता था। उसने अपने बेटे गुरुप्रेम के साथ मिलकर कुलदीप को विश्वास दिलाया कि उनकी बड़े नेताओं और आयकर विभाग के अधिकारियों से जान-पहचान है और सिरसा में चपरासी की भर्ती निकलने वाली है।



**कलायत।** भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करते युवा नेता नेपाल राणा

**प्रदेश की नायब सरकर किसान हितैषीः राणा**

**कलायत।** हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक चेयरमैन अमरपाल राणा ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की भलाई के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में सुधारों के जरिये किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए जो कदम उठाए जा रहे हैं उससे कृषि जगत को नई राहें मिल रही हैं। वे कलायत में पत्रकारों से रूबरू थे। इससे पहले उन्होंने कलायत के जांबाज सैनिक पंकज राणा के निधन पर दुख प्रकट किया। इस दौरान अमरपाल राणा के साथ एक देश एक चुनाव लोकसभा अंबाला संयोजक नेपाल राणा व पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे। राणा ने कहा कि किसान, जवान व विज्ञान राष्ट्र की उन्नति का आधार हैं। जवान देश की सीमाओं पर सजग प्रहरी के रूप में डटकर खड़ा होता है।

## धान खरीद 22 तक न होने पर जाम का ऐलान

- किसानों की सुविधा के लिए मंडी में नहीं कोई भी इंतजाम नहीं : कसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की हलका स्तरीय बैठक। किसान भवन पुंडरी में जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक मे युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने मुख्य तौर पर भाग लिया।

बैठक के बाद ब्लाक प्रधान रणधीर बरसाना व युवा जिला महासचिव बलिंद्र हजवाना के नेतृत्व में मार्किट कमेटी सचिव गुलाब नैन को मंडी की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि अगर सरकार ने धान की खरीद शुरू नहीं की तो भाकियू (चढूनी) किसान को साथ लेकर 22 सितंबर को कुरुक्षेत्र जीटी रोड जाम कर देंगी।उन्होंने कहा कि धान के सीजन को ध्यान में रखते हुए धरतीपुत्र किसानों के लिए मंडी में पीने के पानी, शौचालय की साफ-सफाई, बिजली और लदान-उठान की उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मंडी में कंप्यूटर कांटे से ही धान की तलाई होनी चाहिए।



कमेटी सचिव गुलाब नैन को मंडी की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते किसान।

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने किसानों से भी अनुरोध किया कि वे अपनी फसलें अच्छी तरह साफ-सुथरी करके ही मंडियों में लाएं ताकि गुणवत्ता को लेकर किसी प्रकार की रुकावट न आए और उन्हें वाजिब दाम मिल सके। प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि इस बार की धान खरीद प्रक्रिया को किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और सुविधाजनक बनाया जाए। इस मौके पर सतपाल पुंडरी, रामपाल मुदडी, सुरेन्द्र हजवाना, शीलू गोलन, गुरमुख फरल, ओमप्रकाश बरसाना, निर्मल फरल,जिले सिंह, सहित कई किसान उपस्थित थे।





**कैथल।** आप के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**सरकार हर मोर्चे पर फेलः गुप्ता**

**कैथल।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा और उसे बहुत झूठी पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें हर मोर्चे पर विफल साबित हुई हैं। कभी झूठी योजनाओं के नाम पर तो कभी सुनहरे सपने दिखाकर इन्होंने युवाओं और गरीब जनता को ठगने का काम किया है। कैथल जिला पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में डॉ. गुप्ता ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभावित किसान और युवा वर्ग हैं। किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, वहीं बेरोजगारी से जूझ रहे युवा अपने भविष्य को लेकर निराश हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराध, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और नशाखोरी लगातार बढ़ रही है और सरकार इस पर पूरी तरह से नियंत्रण करने में असफल रही है। आप प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरने का काम करती है।

## आईएमटी को लेकर बिफरे किसान

- अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ किसान पहुंचे लघु सचिवालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एनएच 152 डी और दिल्ली कटरा एक्सप्रेसवे के पास की प्रस्तावित आईएमटी के विरोध में दर्जनों गांवों के किसान शुक्रवार को ट्रैक्टरों के साथ लघु सचिवालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। किसानों ने सीएम और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कई गांवों के किसान ट्रैक्टर व ट्रालियों में भरकर लघु सचिवालय पहुंचे। किसानों ने अपने ट्रैक्टरों पर तिरंगे झंडे लगाए हुए थे। किसानों ने गोहाना रोड पर लघु सचिवालय परिसर के बाहर पहले धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। यहां किसान नेताओं ने कहा कि जींद जिले के किसानों को सरकार का आईएमटी नही चाहिए। इसमें सरकार ने उन किसानों के पुनर्वास का कोई प्रावधान नहीं किया है। जो बिना जमीन के भूमिहीन हो जाएंगे। किसानों ने कहा कि इन जमीनों से केवल किसानों और उनके परिवारों का ही पेट नहीं भरता है बल्कि हजारों मजदूरों और उनके परिवारों की रोजी रोटी भी इसी जमीन से चलती है। सरकार जींद जिले में जिस प्रस्तावित आईएमटी की बात कर रही है, उससे रोजगार नहीं मिलेगा।



**जींद।** ट्रैक्टर यात्रा निकाल रोष जताते किसान। *फोटो :हरिभूमि*



**कैथल।** रोजगार मेले में भाग लेते युवा व युवतियां। *फोटो :हरिभूमि*

**जोब के लिए 120 का चयन**

**कैथल।** कैथल के राजकीय आईटीआई में शुक्रवार को जोब फेयर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रसिद्ध उद्योगपति नरिंद्र मिगलानी तथा सीएम विंडो के एमिनेट पर्सन यशपाल प्रजापति ने किया। मुख्य अतिथियों का यहां पहुंचने पर संस्थान के अधीक्षक सोहन लाल तथा जिला रोजगार अधिकारी ममता कुमारी ने किया। जोब फेयर में मैसर्ज गोदरेज कंपनी मोहाली, स्वराज महिंद्रा मोहाली, पुखराज हेल्थ केयर करनाल, एलआईसी कैथल, रूलदू राम एंड संज कैथल, महालक्ष्मी पालीमर कैथल, एसबीआई लाइफ एष्योरेंस ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिले भर के करीब 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रसिद्ध उद्योगपति नरिंद्र मिगलानी ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे अपने कौशल को पहचानते हुए उसे निखारने का काम करें ताकि वे आसानी से रोजगार या स्वरोजगार हासिल कर सकें। यशपाल प्रजापति ने कहा कि आज तकनीकी व कौशल का युग है।

**सख्ती** पर्ची दिखाने पर मिलेगी दवा, सीएमओ ने फार्मासिस्टों को जारी किए निर्देश

## जींदः अब नागरिक अस्पताल में बिना चिकित्सक पर्ची के दवा लेना मुश्किल

लगातार बिना पर्ची के दवा दिए जाने से दवाएं हो रही थी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में अब मरीजों को दवा प्राप्त करने के लिए चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवा पर्ची दिखाना अनिवार्य होगा। सीएमओ ने दवा वितरण खिड़की पर तैनात फार्मासिस्टों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि बिना वैध पर्ची के किसी को दवा न दी जाए। इस निर्णय का उद्देश्य अस्पताल में दवाओं की कमी को रोकना है, जो पहले बिना पर्ची के दवा वितरण के कारण उत्पन्न हो रही थी। नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 1800 से दो हजार तक की ओपीडी होती है। इसके साथ ही अस्पताल का स्टाफ भी है। अस्पताल की नई बिल्डिंग में सुबह अस्पताल खुलने के साथ ही दवा वितरण का कार्य शुरू हो जाता है। ऐसे में मरीजों के साथ-साथ स्टाफ भी दवा लेने के लिए आने लगते हैं। पिछले दिनों दवा में कमी के चलते लोगों को परेशानी हो रही थी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार पहले की व्यवस्था में कई लोग बिना डॉक्टर की सलाह के दवा मांगते थे, जिससे आवश्यक दवाओं का स्टॉक तेजी से कम हो जाता था। इससे वास्तविक मरीजों को दवा न मिल पाने की समस्या हो रही थी और उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सीएमओ ने दवा पर्ची को अनिवार्य किया और फार्मासिस्टों को दवा पर्ची पर लिखी गई दवा ही दवा देने के निर्देश दिए। फार्मासिस्टों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हर मरीज से पर्ची की जांच करें और केवल निर्धारित दवाएं ही प्रदान करें। यह बदलाव मरीजों की सुरक्षा और दवाओं की उपलब्धता दोनों के लिए जरूरी है।



**जरूरतमंद को मिलेगी दवा**

प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि दवा खिड़की पर चिकित्सक की पर्ची दिखाने पर ही दवा दी जा रही है। यह निर्णय इसलिए लिया गया है कि जरूरतमंद को दवा की उपलब्धता हो और दवाओं का दुरूपयोग न हो। समय-समय पर दवा का स्टॉक की जांच की जा रही है।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लगाया 25.55 लाख का चूना

- साइबर थाना पुलिस ने शिकायत पर दर्ज किया धोखाधड़ी का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा दिखा साइबर ठग ने 25 लाख 55 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मंगलपुर निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत एक अगस्त 2024 को उसके व्हाट्सएप पर लिंक आया हुआ था। जिसके खोलने पर वह एक गुरप से जुड़ गया। जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा बताया गया। झांसे में आकर उसने गुरप को ज्वायन कर लिया। जिसके साथ उसका अकाउंट भी बना दिया। जिसके बाद उसने निवेश करना शुरू कर दिया। आईडी वॉयलेट में अच्छा मुनाफा दिखाया जाने लगा। उसके निवेश करने का सिलसिला 28 मार्च 2025 तक जारी रहा। जब भी राशि निकलवाने की कोशिश करता कोई न कोई बहाना बना कर निवेश करवाया जाता रहा। जब तक वह संभलता तब तक वह 25 लाख 55 हजार रुपये लगा चुका था।



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं, एक शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप करता है, जबकि अन्य दो हृदय गलफड़ों में रक्त पहुंचाते हैं।



फ्लेमिंगो का गुलाबी रंग उनके भोजन में पाए जाने वाले कैरोटीनॉइड नामक रसायन के कारण होता है।

# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी में मिलती हैं कई सुविधाएं




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजातों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं कों गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।

योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक कों बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कों वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

---

सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास व कंप्यूटर अनुप्रयोगों की देता समझ

# बीसीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट व सरकारी जगत में नौकरी के सुनहरे मौके

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास और कंप्यूटर अनुप्रयोगों की गहन समझ प्रदान करता है। इसमें प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग, डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी जैसे विषय शामिल होते हैं। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बी.सी.ए. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बी.सी.ए. ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। बी.सी.ए. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किसी विशेष क्षेत्र जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कम्प्यूटिंग, डाटा साइंस या साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में सशक्त करियर बना सकते हैं। बी.सी.ए. और बी.सी.ए. (ऑनर्स) के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएँ उपलब्ध हैं।

**प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग की मिलती है जानकारी**

**डाटाबेस की मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी की मिलती है शिक्षा**

## प्रमुख स्पेशलाइजेशन

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)
- डाटा साइंस और बिग डाटा एनालिटिक्स
- साइबर सुरक्षा और नेटवर्क सुरक्षा
- क्लाउड कम्प्यूटिंग
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास
- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग
- मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी)

## बीसीए एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम



### खुलते हैं भविष्य के द्वार

*बीसीए छात्रों के लिए करियर की राहें केवल कंप्यूटर अनुप्रयोगों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोलती हैं। सही कौशल और उच्च शिक्षा के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www. careerjaano. com** पर भी विजिट कर सकते हैं।*

## आवश्यक कौशल

**बी.सी.ए. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग में सफल होने हेतु विशेष कौशल आवश्यक हैं। निम्नलिखित प्रमुख कौशल इस प्रकार हैं।**

- प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (जावा, पायथन, सी++, जावास्क्रिप्ट) में दक्षता
- समस्या समाधान और तार्किक सोच
- डाटा विश्लेषण और गणितीय क्षमता
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास की समझ
- टीमवर्क और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल्स
- नई तकनीकों को शीघ्र सीखने और अपनाने की क्षमता

## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

**बी.सी.ए. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई मार्ग खुले हैं।**


**1. उच्च शिक्षा कार्यक्रम**

- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.)
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – आई.टी. एवं मैनेजमेंट
- एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस/डाटा साइंस/ए.आई.)
- पी.जी. डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कम्प्यूटिंग या मशीन लर्निंग

**2. विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स (प्रमुख कंपनियों द्वारा)**

- **माइक्रोसॉफ्ट**: माइक्रोसॉफ्ट अजूर फंडामेंटल्स
- **गूगल**: गूगल क्लाउड प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन
- **अमेज़न**: एडब्ल्यूएस सर्टिफाइड सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट
- **आईबीएम**: आईबीएम डाटा साइंस सर्टिफिकेट
- **ओरेकल**: ओरेकल सर्टिफाइड जावा प्रोग्रामर
- **सिस्को**: सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क प्रोफेशनल

*ये सर्टिफिकेशन न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री-रेडी बनाते हैं और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।*



**बीसीए को 3 वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या 4 वर्षों में बीसीए ऑनर्स भी कर सकते हैं**

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

डिजिटल अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास के दौर में बी.सी.ए. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों में अवसर उपलब्ध हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- सूचना प्रौद्योगिकी
  सॉफ्टवेयर डेवलपर
  वेब डेवलपर
  मोबाइल एप डेवलपर
  डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर
  क्लाउड इंजीनियर
- बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ
  आई.टी. ऑफिसर
  डाटा एनालिस्ट
  टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
  बिजनेस एनालिस्ट
- ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग
  ई-कॉमर्स ऑपरेशन मैनेजर
  डिजिटल मार्केटिंग टेक्नोलॉजिस्ट
  वेबसाइट मैनेजर
  एसईओ/एसईएम विशेषज्ञ
- शिक्षा और प्रशिक्षण
  कंप्यूटर शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
  ऑनलाइन ट्यूटर
  आईटी ट्रेनर
  एड-टेक कंटेंट डेवलपर
- कंसल्टिंग और स्टार्टअप्स आईटी
  कंसल्टेंट
  प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर
  टेक्निकल सपोर्ट स्पेशलिस्ट
  प्रोडक्ट डेवलपमेंट मैनेजर

**यह इनकम संभव**

- बी.सी.ए. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 5 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 20 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में भी बी.सी.ए. स्नातकों के लिए सम्मानजनक अवसर उपलब्ध हैं। यहाँ वे विभिन्न विभागों और संगठनों में तकनीकी एवं प्रशासनिक भूमिकाएँ निभा सकते हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।


- प्रशासनिक सेवाएं
  भारतीय प्रशासनिक सेवा
  भारतीय पुलिस सेवा
  राज्य लोक सेवा आयोग के पद
- बैंकिंग क्षेत्र
  प्रोबेशनरी ऑफिसर
  आईटी ऑफिसर
  क्लर्कियल पद
- रक्षा एवं अनुसंधान संगठन
  डी.आर.डी.ओ. में वैज्ञानिक/तकनीकी पद
  इसरो में अनुसंधान पद
  राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में आईटी पद
- शिक्षा और विश्वविद्यालय
  सरकारी कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर
  कंप्यूटर प्रशिक्षक
  अनुसंधान सहायक
- रक्षा सेवाएं
  लेफ्टिनेंट
  आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
  अकाउंट अफसर
  एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
  लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
  टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**इनकम यह संभव**

- सरकारी क्षेत्र में बी.सी.ए. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 6 लाख रुपये वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

---

# मतदान की शक्ति : सावधानी और जिम्मेदारी से चुनें भारत का भविष्य



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

आज का समय बदलाव का समय है, और आप भारत के युवा और भविष्य के कर्णधार इस बदलाव की धुरी हैं। 2025 में, जब भारत एक बार फिर अपने लोकतांत्रिक उत्सव, यानी चुनावों की ओर बढ़ रहा है, आपके पास वह शक्ति है जो देश की दिशा और दशा को बदल सकती है। सावधानी से मतदान करना केवल आपका अधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी है जो आपके सपनों के भारत को साकार कर सकती है। आइए, इस प्रेरणादायक यात्रा में शामिल हों और समझें कि आपका एक वोट कैसे शांतिपूर्ण क्रांति ला सकता है। भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे जीवंत और शक्तिशाली लोकतंत्र है। यहाँ हर वोट एक कहानी लिखता है, जो देश के भविष्य को आकार देता है।

## छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं

आप में से कई छात्र पहली बार मतदान करने जा रहे हैं, और यह एक ऐसा मौका है जहाँ आप एक छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं। लेकिन यह निशान सावधानी और जागरूकता के साथ लगाना होगा। बिना सोचे-समझे किया गया मतदान आपके सपनों को अधूरा छोड़ सकता है, जबकि सही जानकारी और जिम्मेदारी के साथ दिया गया वोट एक समृद्ध, समावेशी और प्रगतिशील भारत का निर्माण कर सकता है। आपके वोट में वह ताकत है जो शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है। यह वोट केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपके विश्वास और सपनों का प्रतीक है। यह वह हथियार है जिसने भारत को स्वतंत्रता दिलाई और आज भी इसे मजबूत बनाए रखता है। 2025 में, भारत के सामने कई अहम मुद्दे हैं बेरोजगारी, शिक्षा में सुधार, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक न्याय। इन मुद्दों को हल करने के लिए हमें सही नेताओं और नीतियों को चुनना होगा। लेकिन सही चुनाव के लिए जागरूकता जरूरी है। सावधानी से मतदान का मतलब है। उम्मीदवारों के पिछले कार्यों, उनके वादों और उनकी विश्वसनीयता की जाँच करें। क्या वे आपके क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं? क्या उनकी योजनाएँ लंबे समय तक टिकाऊ हैं? वोट देते समय भावनाओं या प्रचार में न बहें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर उम्मीदवारों की नीतियों को समझें। आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया जागरूकता फैलाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें। सही जानकारी साझा करें और दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने दोस्तों, परिवार और समुदाय को मतदान के महत्व के बारे में बताएं। एक जागरूक मतदाता समूह पूरे देश को बदल सकता है। भारत का इतिहास युवा शक्ति की गौरवगाथा से भरा पड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और लाखों युवा छात्रों ने अहिंसक और संगठित तरीके से देश को आजादी दिलाई। आज भी, 2020 के दशक में भारतीय युवा अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। चाहे वह किसान आंदोलन हो, जहाँ युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के जरिए नीतिगत बदलाव लाए, या फ्राइडेजफॉरफ्यूचर अभियान, जिसमें छात्रों ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जागरूकता फैलाई भारतीय युवा हर बार साबित करते हैं कि वे बदलाव के असली नायक हैं।

## डिजिटल युग में आप अधिक शक्तिशाली

आज, डिजिटल युग में, आप और भी शक्तिशाली हैं। **#MeToo**, **#SaveTheChildren** जैसे अभियानों ने दिखाया कि भारतीय युवा सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोगों को जोड़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। 2025 में, आपके पास मतदान के जरिए इस विरासत को और मजबूत करने का अवसर है। कल्पना करें, एक ऐसा भारत जहाँ हर बच्चे को बेहतर शिक्षा, हर युवा को रोजगार और हर नागरिक को सम्मान मिले। आपका वोट इस सपने को हकीकत में बदल सकता है।

**शांतिपूर्ण क्रांति का रास्ता**: आपका वोट भारत का लोकतंत्र हमें सिखाता है कि सच्चा बदलाव शांति और एकजुटता से आता है। महात्मा गांधी ने अहिंसा के जरिए दुनिया को दिखाया कि सही मकसद और संगठित प्रयास से कोई भी सत्ता झुक सकती है। आपका वोट उसी अहिंसक क्रांति का हिस्सा है। यह एक ऐसा हथियार है जो बिना किसी नुकसान के समाज को बेहतर बना सकता है। हर वोट एक कहानी है, और यह आप पर निर्भर है कि वह कहानी प्रगति, समानता और आशा की हो।

**उठें, जागें और वोट करें** : छात्र मित्रों, यह समय है अपने भविष्य को अपने हाथों में लेने का। 2025 का साल आपके लिए एक सुनहरा अवसर है एक ऐसा मौका, जहाँ आप सावधानी और जिम्मेदारी से मतदान कर अपने सपनों के भारत को साकार कर सकते हैं। अपने स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले में जागरूकता फैलाएँ। अपने दोस्तों को बताएँ कि उनका वोट कितना कीमती है। सोशल मीडिया पर सकारात्मक अभियान चलाएँ, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए प्रेरित हों।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता

**जींद।** वन मंडल द्वारा शुक्रवार को हरियाणा कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान हमेटी में सेवा पखवाड़ा के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने मुख्यअतिथि के रूप में सिंदूर का पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर डा. मिड्ढा ने आमजन को संबोधित किया।

### कोचिंग सेंटर का ताला तोड़ सामान और नकदी चुराई

**जींद।** नरवाना में बीती रात चोरों ने कोचिंग सेंटर का ताला तोड़ कर लैपटॉप, प्रोजेक्टर, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव समैण निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नरवाना में कोचिंग सेंटर चलाता है।

### मानस हेल्पलाइन नंबर चौबीस घंटे चालू रहेगा

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केंद्र सरकार ने नशे के खिलाफ राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस 1933 शुरू की है। यह हेल्पलाइन देश को 2047 तक नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मानस हैल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रहेगा। लोग इस पर ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी सांझा कर सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### स्वच्छता के लिए किया विद्यार्थियों को जागरूक

**उचाना।** हरियाणा स्वच्छता मिशन के तहत उचाना कलां के राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। नपा सचिव अशोक डांगी ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डांगी ने कहा कि हर किसी को चाहिए कि वो स्वच्छता में सहयोग करें। विद्यार्थियों को चाहिए कि वो अपने परिवार के सदस्यों के साथ-साथ आस-पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करे।

### यौन शोषण का आरोप ससुर समेत 3 नामजद

**जींद।** गढ़ी थाना इलाके में ससुर द्वारा पुत्रवधु का यौन शोषण करने का मामला सामने आया। आरोप है कि पति तथा सास ने भी आरोपित का साथ दिया। गढ़ी थाना पुलिस ने ससुर के खिलाफ दुष्कर्म तथा सास व पति के खिलाफ सहयोग करने का मामला दर्ज किया है। गढ़ी थाना इलाके की महिला ने शिकायत में बताया कि उसका ससुर बलबीर शादी के बाद से उसके साथ जबरन संबध बनाता रहा है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव लिजवाना खुर्द से महिला के गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लिजवाना खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 16 सितंबर को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सेवा पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन

**कैथल।** जिला कल्याण अधिकारी सीमा ने बताया कि सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं अंत्योदय सेवा विभाग हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार जिला कल्याण विभाग की ओर से शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

### शिविर के तहत जांचा महिलाओं का स्वास्थ्य

**राजौंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा ही संकल्प राष्ट्र प्रथम कार्यक्रम 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक का स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान जारी है। शुक्रवार को उपस्वास्थ्य केन्द्र 2 दो पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का कैंप लगाया। डॉक्टर मोहित ने निरीक्षण किया गया। कैंप में गर्भवती महिलाएं दूध पिलाने वाली महिलाओं ने भाग लिया।

## खेत में जाकर किसानों से जानी ग्राउंड स्तर की चुनौतियां

# उपायुक्त ने सांघन के खेतों में फसल अवशेष प्रबंधन का लाइव डेमो देखा

### किसानों को किया फसल अवशेष प्रबंधन एवं फसल विविधीकरण के प्रति प्रेरित

**लाभ और आने वाली चुनौतियों के बारे में पूछा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डीसी प्रीति ने सांघन गांव के खेत का दौरा किया। खेत में फसल अवशेष प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया का जायजा लिया और कृषि विभाग द्वारा आयोजित लाइव डेमो देखा। किसानों से सीधे बातचीत की और ग्राउंड स्तर की चुनौतियां जानी। डीसी ने किसान द्वारा अपनाई जा रही पराली प्रबंधन में अपनाई जा रही विभिन्न प्रकार की मशीनों की क्रियाओं को बारीकी से देखा। इस दौरान डीसी ने स्वयं किसानों एवं कृषि अधिकारियों से इस प्रक्रिया के लाभों और आने वाली चुनौतियों के बारे में पूछा। कृषि अधिकारियों ने उन्हें बताया कि कैसे सुपर सीडर, एमबी प्लो, कटर, बेलर, हे-रैक जैसी विशेष मशीनों का उपयोग करके धान की पराली को खेत में ही मिला दिया जाता है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। इसके साथ ही अवशेष के बेलस (गांठ) बनाकर विभिन्न उद्योगों को भी बेच सकते हैं। इससे एक ओर जमीन की उर्वरा शक्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, वहीं किसान की आमदनी भी बढ़ती है। उन्होंने सांघन गांव के किसानों के प्रयास की सराहना की और अन्य किसानों से भी इस तकनीक को अपनाने की अपील की। इस मौके पर किसानों ने पराली प्रबंधन में आने वाली आर्थिक और तकनीकी दिक्कतों के बारे में बताया। डीसी ने उन्हें आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन इन चुनौतियों को दूर करने के लिए उचित मैकेनिजम तैयार करेगा।


कैथल। डीसी गांव सांघन के खेतों में फसल अवशेष प्रबंधन का लाइव डेमो देखते।


कैथल। डीसी प्रीति किसानों तथा कृषि विज्ञानियों से बातचीत करते।

#### एसडीएम को निर्देश

फिजी वायरस के अटैक से प्रभावित खेत का किया दौरा डीसी प्रीति ने गांव हरिपुरा के फिजी वायरस के अटैक से प्रभावित किसान के खेत का दौरा किया और एसडीएम को निर्देश दिए कि वे इनका केस बनाकर मुख्यालय भिजवाए, ताकि सरकार द्वारा नियमानुसार मुआवजा दिलाया जा सके।

#### जागरूकता अभियान जारी

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल के उपनिदेशक डॉ. कर्मचंद ने डीसी प्रीति को फसल प्रबंधन में प्रयोग होने वाली विभिन्न मशीनों की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी और कहा ग्राम स्तर की सभी टीमें एक्टिव मोड में काम कर रही हैं। एक ओर जहां किसानों को जागरूक कर रही हैं।

#### फसल विविधीकरण की सलाह

डीसी ने किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि धान और गेहूं के पारंपरिक चक्र से बाहर निकलकर गन्ना और सब्जियों जैसी अन्य फसलें उगाना फायदेमंद हो सकता है। इससे न सिर्फ मिट्टी की सेहत सुधरेगी, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। डीसी ने कहा कि फसल विविधीकरण अपनाकर किसान अपनी आय के स्रोतों को बढ़ा सकते हैं और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं।

## प्रतिभा खोज में विद्यार्थियों ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। प्रतिभा खोज कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

कपिलमुनि राजकीय महिला कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी मैडम रीतू देवी ने बताया कि हर वर्ष कालेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विवि के सौजन्य से आयोजित किया जाता है। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता दो दिवसीय प्रतियोगिता है जिसमें पहले दिन साहित्यिक प्रतियोगिताओं का व दूसरे दिन मंच की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय में शुक्रवार को कविता पाठ, भाषण ,पेंटिंग ,क्विज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिससे छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व प्रतियोगिताओं के प्रति छात्राओं में उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील गर्ग ने छात्राओं को संबोधित करते बताया कि इस तरह के कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास व उनके अंदर छुपी प्रतिभा को बाहर निकलने में सहायक सिद्ध होते हैं। छात्राओं के लिए यह अवसर बहुत ही सुनहरा होता है। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्राध्यापको ने अदा की है। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम प्रभारी मैडम रीतू देवी ने सभी का धन्यवाद किया।


कलायत। पार्षद रेणू धानियां को अभिनंदन करते प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह व अन्य।

### नशा मुक्ति पर जागरूकता सेमिनार

**कलायत।** नेशनल हाईवे पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सभागार में नशा एक बुराई विषय पर जागरूकता सेमिनार का मंच सजा। सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वार्ड एक से पार्षद रेणू धानियां ने शिरकत की। संस्थान प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह, सेमीनार मुख्य वक्ता जिला नागरिक अस्पताल कैथल में मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिसर पद पर सेवाएं दे रहे डा.विनय गुप्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति में परंपरा अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। रेणू धानियां ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। यह व्यक्ति, परिवार और समाज को गहरे स्तर पर प्रभावित करता है। यह शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ उन्नति की राह में सबसे बड़ी बाधा है। शराब, तंबाकू, ड्रग्स व इस प्रकार के अन्य नशे से व्यक्ति की सोचने-समझने की शक्ति कमजोर हो जाती है।

### 9783 शिकायतों में से 8473 का समाधान

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी पहल है। अधिकारीगण इसकी गंभीरता को समझते हुए प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं संतोषजनक समाधान करना सुनिश्चित करें। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पहले चंडीगढ़ मुख्यालय से उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना एवं जन संपर्क विभाग के आयुक्त एवं सचिव डा. अमित अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जींद प्रशासन की समाधान प्रकोष्ठ के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो की प्रशंसा की और डीसी को अपनी कार्य योजना साझा करने को कहा था।

### विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ

**कैथल।** डीएसपी ट्रैफिक सुशील प्रकाश, तथा एस एच ओ ट्रेफिक इंस्पेक्टर नरेश कुमार की टीम द्वारा जाट कॉलेज कैथल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जाट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार, अशोका लेलैंड ड्राइविंग स्कूल गढ़ी पाडला से पुनीत जांगड़ा, इंस्पेक्टर राजबीर सांगवान तथा कॉलेज स्टाफ मौजूद रहे। सभी के सहयोग से विद्यार्थियों और स्टाफ को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डीएसपी ट्रैफिक सुशील प्रकाश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क पर अनुशासन और नियमों का पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, तेज गति से वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग वाहन चलाते समय न करने जैसी महत्वपूर्ण बातें विद्यार्थियों को समझाई। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए हर किसी को सड़क सुरक्षा को जिम्मेदारी समझकर पालन करना चाहिए।


कैथल। ट्रैफिक नियमों बारे जागरूक करते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि


कलायत। शिमला में ग्रामीणों को बैंक ऋण बारे जागरूक करते बैंक अधिकारी।

### गांव शिमला में जागरूकता कैंप का आयोजन

**कलायत।** पंजाब नेशनल बैंक ने रविवार को गांव शिमला के ग्राम सचिवालय में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं और सरकारी रोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। पीएनबी बैंक के अधिकारी प्रवेश मोर ने शिविर में मौजूद ग्रामीणों को कृषि ऋण, शिक्षा ऋण, व्यक्तिगत ऋण और व्यावसायिक ऋण जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि ये ऋण किस तरह लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकते हैं और उन्हें बेहतर जीवन जीने में मदद कर सकते हैं। मोर ने केंद्र सरकार की प्रमुख रोजगार योजनाओं, जैसे कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और स्टैंड-अप इंडिया योजना पर भी प्रकाश डाला। बताया कि इन योजनाओं के तहत छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को आसानी से ऋण मिल सकता है, जिससे वे अपना व्यवसाय शुरू या उसका विस्तार कर सकते हैं। इस दौरान, कई ग्रामीणों ने अपने संदेह और सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने समाधान बताया।

### गुरु तेग बहादुर का बलिदान दिवस मनाया

**राजौंद।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान की 350 वीं जयंती के उपलक्ष में शुक्रवार को ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूल में बच्चों ने गुरु जी द्वारा दी गई शिक्षा पर कविताएं, पंजाबी गीत व भाषण देकर उनके जीवन और त्याग के बारे में कार्यक्रम रोचक बना दिया। इस दौरान मंच का संचालन कर रहे सतपाल कोटड़ा ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान स्कूल प्रबंधक कुलबीर दीक्षित व प्रधानाचार्य सतपाल सिंह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी को हिंद की चादर कहा जाता है। गुरुजी बचपन से ही बहादुर थे और तलवार चलाने के धनी थे, तलवार को तेग कहा जाता है और बहादुर वो बचपन से ही थे। इसी से उनका नाम तेग बहादुर रखा गया। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने अपने जीवन का बलिदान कर दिया ऐसे सर्वोच्च महाबली दानी को शत-शत नमन है।


राजौंद। आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थी कार्यक्रम प्रस्तुत करते।


जींद। कार्यक्रम में मौजूद वीसी और अन्य। फोटो :हरिभूमि

### अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के लक्ष्मी बाई महिला छात्रावास में सत्र 2025-26 के नव प्रवेशी छात्राओं के लिए प्रेरणा व अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कुलगुरु प्रोफेसर रामपाल सैनी व कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन ने किया। महिला छात्रावास के चीफ वार्डन प्रोफेसर अजमेर सिंह ने सभी का कार्यक्रम में अभिवादन किया और छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते सहयोग और अनुशासन की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। इसके बाद कुलपति ने छात्रावास जीवन को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताते कहा कि छात्रावास केवल रहने की जगह नही है बल्कि यह अनुशासन आत्मनिर्भरता और आत्म विकास की प्रयोगशाला है।


नरवाना। दौड़ में अव्वल आने वाली छात्राएं प्रिंसिपल डॉण अंजना लोहान के साथ।

### रेड रिबन क्लब ने करवाई मैराथन

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना में प्राचार्या डॉ अंजना लोहान की अध्यक्षता में रेड रिबन क्लब की इंचार्ज डॉ अनीता छाबड़ा के नेतृत्व में रेड रन आयोजित करवाई गई। एड्स अवेयरनेस लाने के लिए निर्मित रेड रिबन क्लब के अंतर्गत महाविद्यालय की 20 छात्राओं ने रेड रन में रेड रिबन लगाकर भाग लिया। प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने इस अवसर पर छात्राओं को शाबाशी देते हुए कहा कि आप छात्राओं को जब भी किसी सामाजिक कार्य या अभियान हेतु कोई जिम्मेदारी दी जाती है तो इसी तरह आगे बढ़ चढ़कर अपनी प्रतिभागिता करनी चाहिए। रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ अनीता छाबड़ा ने आयोजित करवाई गई इस रेड रन प्रतिस्पर्धा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रेड रिबन लगाकर इस दौड़ में कुल 20 छात्राओं ने भाग लिया। इन 20 छात्राओं में प्रथम छह स्थान पर आगे आने वाली छात्राओं के नाम जिला स्तर पर भेजे जाएंगे। जिला स्तर पर जो छात्राएं विजेता होंगी वह आगे राज्य स्तर पर होने वाली दौड़ प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगी।

## हिंदू संगठनों ने किया रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

विश्व हिंदू परिषद, जयति-जयति हिंदू महान संगठन व बजरंग दल सहित अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जींद में ईसाई धर्म प्रचारकों द्वारा लोगों पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने और सनातन धर्म पर हमला बोलने के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं का कहना था कि धर्म परिवर्तन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा। ईसाई धर्म प्रचारकों द्वारा लोगों पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने और सनातन धर्म पर हमला बोलने के आरोपों को लेकर शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ता लघु सचिवालय परिसर में एकत्रित हुए। जयति-जयति हिंदू महान संगठन के अध्यक्ष अतुल चौहान, विश्व हिंदू परिषद के राधेश्याम चिल्लाना, हरीश, विरेंद्र ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भिवानी रोड की वाल्मीकि बस्ती के कुछ लोगों पर खुद को पास्टर बताने वाले ईसाई धर्म के प्रचारक ने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। इसके खिलाफ रोहतक रोड पुलिस चौकी में शिकायत भी दी गई थीए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब तीन दिन पहले ईसाई धर्म के प्रचारकों ने सनातन धर्म पर हमला बोला और ब्राह्मण तथा जाट समुदाय के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी की है।


जींद। कैंप में मरीजों की जांच करते डॉ सतीश शर्मा। फोटो :हरिभूमि

### स्वस्थ जीवन शैली के बारे में दी जानकारी

**जींद।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के दिशा-निर्देशन में एसटीसी जीएच में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत चिकित्सा शिविर एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य, पोषण एवं जीवनशैली से जुड़ी जागरूकता को बढ़ाना और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में प्रोत्साहित करना रहा। डा. पूनम ने बताया कि कैसे हम सब आयुर्वेद शास्त्र में वर्णित दिनचर्या और ऋतुचर्या का पालन करके स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने महिलाओं में विशेष रूप से होने वाली व्याधि पांडु (खून की कमी) को दूर करने हेतु नींबू का प्रयोगए पालक का प्रयोग ऐसे विभिन्न घरेलू उपाय के प्रयोग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी। डा. दीप्ति ने इस अभियान के महत्व के बारे में बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त अभियान सिर्फ एक नारा नहीं है अपितु प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत के सपने को पूरा करने की एक दूरदर्शी पहल का एक भाग है। क्योंकि एक स्वस्थ नारी ही एक सशक्त परिवार का आधार है ।

## गांव टयोंठा के राजकीय स्कूल परिसर में किया पौधरोपण

# पौधरोपण जीवन का आधार: सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी


पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा बच्चों को पौधे वितरित करते। फोटो :हरिभूमि

विधायक सतपाल जांबा ने कहा की वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दें। विधायक सतपाल जांबा शुक्रवार को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हरियाणा वन विभाग द्वारा गांव टयोंठा के राजकीय वमावि में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधन दे रहे थे। विधायक ने स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि देश में प्रदेश में सेवा पखवाड़ा चला हुआ है। आइए हम सब मिलकर प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लें और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हरा-भरा वातावरण दें। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि वे हमें ऑक्सीजन, फल, फूल, छाया, लकड़ी और औषधियां प्रदान करते हैं। पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में वृक्षों का योगदान सबसे अधिक होता है। पौधे धरती को हरा-भरा और सुंदर बनाते हैं। ये वर्षा लाने में सहायक होते हैं, मिट्टी को कटाव से बचाते हैं और वायु को स्वच्छ करते हैं। प्रदूषण की समस्या को कम करने में भी वृक्ष अहम भूमिका निभाते हैं। कहा कि यदि हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें, तो हमें अभी से पेड़-पौधे लगाने होंगे और उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लेना होगा।

#### सभी युवा श्रमदान जरूर करें

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश तरक्की के रास्ते पर है। हमें अपने देश को विकसित देश बनाना है, इसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। स्वच्छता की तरफ विशेष ध्यान देना है और लोगों को जागरूक भी करना है। सभी युवा श्रमदान जरूर करें।


जींद। पदाधिकारियों को जजपा का पटका पहनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जजपा ने किया सगंठन का विस्तार

**जींद।** आगामी चुनाव के मद्देनजर जजपा संगठन को ओर अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए उद्देश्य से शीर्ष नेतृत्व दवारा जजपा जींद की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई है। जजपा जिला प्रधान जोरा सिंह डूमरखां व जिला प्रभारी सत्यनारायण बूरा ने बताया कि आगामी चुनाव के लिए जजपा संगठन पूरी तरह से तैयार है तथा जजपा की नीतीयों एवं कार्ययोजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला व दुष्यंत चौटाला प्रदेया अध्यक्ष बृज शर्मा के निर्देशानुसार नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। सभी पदाधिकारी जजपा की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का कार्य करेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी विरेंद्र सिंह जिला पार्षद, राजबीर लोहान, धर्मपाल नैन को सौंपी गई। इसके अलावा कर्मपाल दूल को प्रधान महासचिव, जगबीर मोर दबलैन, सतबीर उर्फ सतड़, कृष्ण सिहाग, अजमेर, बिजेन्द्र सिंह को उप प्रधान और कोषाध्यक्ष बजीर उर्फ पप्पू को व कार्यलय सचिव गुरदीप सागंवान को जिम्मेदारी दी गई है।

जल जीवन मिशन योजना टांय-टांय फिस्स

# गांव बधाना में जल जीवन मिशन ठप, 10 दिन से पानी के लिए हाहाकार

## करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद पानी को तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अलेवा

गांव बधाना में जल जीवन मिशन योजना एक मजाक बनकर रह गई है। सरकार ने गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत पेयजल के लिए करोड़ों रुपये खर्च तो कर दिए हैं लेकिन विभाग ने 10 दिनों से जलघर में लगी मोटर की जली केबल को बदलने की जहमत नहीं उठाई और टैंकरों से लोगों की प्यास बुझाने में ही भलाई समझी।

बधाना गांव के विकास, जोगिंद्र, कुलदीप, राजेश, हवा सिंह, मनबीर आदि ने बताया कि बधाना गांव में काफी समय से जल जीवन मिशन योजना रामभरोसे चल रही हैं। कई करोड़ खर्च होने के बाद भी ये पेयजल योजना तमाशा बन गई हैं। गांव में करीब 10 दिन से पेयजल सप्लाई नहीं मिलने से पूरे गांव में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। विभाग ने करीब 10 दिनों से मोटर की जली केबल को बदलने के बजाय गांव में टैंकरों की सहायता से लोगों की प्यास बुझाने का आइडिया लगाया है। विभाग द्वारा भेजे टैंकर आते ही गांव के लोगों की भीड़ पानी भरने के लिए उमड़ पड़ती है। जिसके कारण गांव के लोगों में सरकार तथा विभाग के प्रति रोष बढता जा रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा भेजे पानी के टैंकरों से पूरा गांव की प्यास नहीं बुझ सकती है। विभाग को गांव के लोगों को पेयजल उपलब्ध

**खास बातें**
- पेयजल योजनाओं में बह गए करोड़ों, फिर भी टैंकरों से बुझाई जा रही प्यास
- विभाग ने नहीं बदली जली केबल, टैंकरों से प्यास बुझाने का अपनाया रास्ता
- जलघर में नहरी पानी के लिए रखी मोटर भी नही चला पाया विभाग

### नहरी पानी के लिए लाखों रूपये खर्च, फिर नहीं मिला पानी

गांव के लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा जलघर में नहरी पानी के लिए लाखों रूपये खर्च कर मोटर आदि तो रखवा दी, लेकिन विभाग गांव में नहरी पानी की आपूर्ति बहाल नहीं कर पाया है। हालांकि गांव के जलघर में नहरी पानी के टैंक फुल हैं, लेकिन फिर भी गांव के लोगों को नहरी पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि जलघर में नहरी पानी की सप्लाई के लिए रखी मोटरों में ही विभाग घालमेल करता नजर आ रहा है। विभाग ने जब गांव में नहरी पानी की सप्लाई के लिए जलघर में मोटर रख दी तो फिर इन मोटरों को चलाया क्यों नहीं जा रहा है। ऐसे में विभाग की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में गिरती नजर आ रही है। विभाग की मायूसी के चलते गांव के लोगों को सबमर्सीबल का पानी तो दूर की बात, नहरी पानी भी उपलब्ध नहीं हो रहा है। गांव के लोगों ने जलघर में विभाग द्वारा लाखों रूपये खर्च कर नहरी पानी के लिए लगाई मोटर मामले में जांच करने की मांग की है ताकि लोगों को नहरी पानी मिल सके।





जींद। बधाना गांव में पीने के पानी के लिए विभाग द्वारा भेजे टैंकर से पानी लेने के लिए महिलाओं की लगी भीड़ तथा बधाना गांव में विभाग द्वारा पीने के पानी की उपलब्धता को लेकर भेजा टैंकर। फोटो: हरिभूमि

### पेयजल उपलब्धता को लेकर एसडीओ को दी हिदायत

जलापूर्ति विभाग जींद के एक्सईएन भानू प्रकाश शर्मा ने बताया कि बधाना गांव में पेयजल उपलब्धता को लेकर एसडीओ को हिदायत दी है। पीने के पानी के मामले में लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नही आने दी जाएगी। इसके लिए विभाग गांव में टैंकर भेजकर पीने के पानी की सप्लाई कर रहा है। जल्द ही मोटर की जली केबल को बदलकर गांव में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति बहाल करवा दी जाएगी।

---

## खबर संक्षेप



### खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया

**पूंडरी।** भारतीय जनता पार्टी महिला जिला सचिव निधि मोहन ने युवाओं व खेल प्रेमियों से संसद खेल महोत्सव 2025 में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न से प्रेरित होकर आयोजित किया जा रहा है। यह केवल खेल प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि ऊर्जा, उत्साह और भाईचारे का महाजश्न है।निधि मोहन ने कहा कि "खेलेगा कुरुक्षेत्र, बढ़ेगा भारत फिट युवा, विकसित भारत" के संकल्प को साकार करने के लिए अधिक से अधिक युवाओं, परिवारों और खेल प्रेमियों को इसमें शामिल होना चाहिए।

### प्रशासन का ध्यान किसानो पर मुक्कदमे तक सीमित

**राजौंद।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन कमेरा वर्ग के पद्धादिकारिओ ने गांव नीमवाला में पहुंच किसानों की बैठक ली। इस दौरान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महाबीर चहल ने कहा कि मंडियों में धान तो आई हुई है लेकिन उसका किसानों को जायज रेट नहीं मिल रहा।चहल ने कहा कि गेट कैथल मंडी में 1509 धान 2700-2800 रुपये प्रति क्विंटल ही बिका है।चहल ने कहा कि अगर सरकार जल्द खरीद शुरू नहीं करती तो 22 सितंबर को सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी के नेतृत्व में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का घेराव किया जाएगा। इस दौरान युवा प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र मागो माजरी ने कहा कि बाढ़ की मार के बाद अब किसानों को उनकी फसल का रेट भी कम मिल रहा है, जिससे उन्हें दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

### दो युवतियां हुईं घर से लापता

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग स्थान से दो युवातियां बिना बताए घर से गायब हो गई। पहले मामले में सदर पुलिस कैथल के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 18 सितंबर को दोपहर को उसकी 24 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। इसी प्रकार से दूसरे मामले में पुंडरी पुलिस थाना के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 17 सितंबर को उसकी 17 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

पिछले कुछ वर्षों से आर्य शिक्षण संस्थाओं के संचालन को लेकर दो ग्रुपों में विवाद चल रहा था

# आर्य समाज नरवाना समितियों को प्रशासन ने दिलवाया चार्ज

समितियों के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी समितियों का निर्विरोध चुनाव संपन्न करवा था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरवाना



नरवाना। स्कूल की समिति को चार्ज दिलवाने के लिए स्कूल के बाहर मौजूद एसडीएम व अन्य। फोटो : हरिभूमि

आर्य समाज नरवाना द्वारा संचालित आर्य शिक्षण संस्थाओं के संचालन के लिए दिसम्बर 2024 में जिन समितियों का चयन किया गया था, उन समितियों को शुक्रवार को प्रशासन ने भारी पुलिस बल व डयूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में चार्ज दिलवाया। डीसी जींद मोहम्मद इमरान रजा ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसीलदार नरवाना निखिल सिंगला को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया था। एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र भी मौके पर मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से आर्य शिक्षण संस्थाओं के संचालन को लेकर दो ग्रुपों में विवाद चल रहा था और यह मामला पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में भी चल रहा है। गत 24 दिसंबर 2024 को आर्य समाज नरवानाए आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना, महर्षि दयानंद शिक्षा समिति नरवाना व आर्य कन्या महाविद्यालय नरवाना के चुनाव तत्कालीन एसडीएम व इन संस्थाओं के प्रशासक ने करवाए थे। जिसमें तहसीलदार नरवाना को रिटर्निंग अधिकारी व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नरवाना को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया था। सभी समितियों के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी समितियों का निर्विरोध चुनाव संपन्न करवा दिया गया था। सभी चारों समितियों के पदाधिकारी भी चुन लिए गए थे और फरवरी 2025 को निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इन समितियों को अपनी अप्रूवल भी दे दी थी लेकिन इन चयनित समितियों को अभी तक किसी भी शिक्षण संस्था का चार्ज नहीं मिला था। फिर चयनित समितियों ने चार्ज दिलवाने जाने को लेकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में अपील दायर की जिसमें कहा गया कि प्रशासन ने उन्हें अभी तक चार्ज नहीं दिलवाया है। जिसकी सुनवाई 22 सितम्बर 2025 को होनी है। इन समितियों को चार्ज दिलवाए जाने को लेकर एसडीएम नरवाना प्रशासक ने डीसी जींद को पत्र लिख कर पूरे मामले से अवगत करवाया।



नरवाना। स्कूल के बाहर तैनात भारी पुलिस बल। फोटो : हरिभूमि

### प्रक्रिया पूर्ण रूप से सफल रही

अब डीसी जींद मोहम्मद इमरान रजा ने चयनित समितियों को चार्ज दिलवाए जाने की प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसीलदार नरवाना निखिल सिंगला को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। शुक्रवार को एसडीएम व डयूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तीनों शिक्षण संस्थाओं की चयनित समितियों को चार्ज दिलवा दिया गया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा लेकिन किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ। प्रशासन ने इस पूरी प्रक्रिया की विडियोग्राफी भी करवाई।

---

# जिला में पथ विक्रेताओं के लिए दो अक्टूबर तक लोक कल्याण मेले का शुभारंभ

- पथ विक्रेताओं का पंजीकरण कर तीन चरणों में उपलब्ध कराएंगे 15 से 50 हजार तक का ऋण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। जानकारी देने के लिए बैठे कर्मी। फोटो :हरिभूमि

जिला नगरायुक्त सुरेंद्र सिंह दून ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत जिला के सभी रेहड़ी फड़ी वाले पथ विक्रेताओं के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को सरकार द्वारा दौबारा से शुरू कर दिया है। इच्छुक रेहड़ी फड़ी वाले नगर परिषद, पालिका जींद, नरवाना, उचाना, जुलाना व सफीदों में जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते है। प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना के अन्तर्गत 15 हजार, 25 हजार तथा 50 हजार रुपये का बिना किसी सुरक्षा ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं। पात्र पथ विके्रता इस ऋण राशि पर नौ प्रतिशत ब्याज सब्सिडि की छूट का फायदा भी उठा सकते हैं। पंजीकरण के बाद रेहड़ी फड़ी व उनके परिजन सरकार द्वारा दी जा रही प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत आठ कल्याणकारी योजनाओं जैस प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना इत्यादि का भी लाभ ले सकते हैं।

---

स्वच्छ भारत पखवाड़ा अभियान

# जाट आईटीआई में किया स्वच्छता शपथ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

- स्वच्छता शपथ: विद्यार्थियों, स्टाफ और समिति सदस्यों ने मिलकर ली शपथ

जाट प्राइवेट आईटीआई कैथल में प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत पखवाड़ा के उपलक्ष में सफाई अभियान चलाया गया। जाट हाई स्कूल सोसाइटी की प्रबंधक समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल,उप-प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन,प्रधानाचार्य, स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने स्वच्छता शपथ की शुरुआत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की और पूरे आईटीआई भवन में सफाई अभियान चलाया।

प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया और कहा कि स्वच्छता जीवन में बहुत ही जरूरी है।माननीय प्रधान जी तथा प्रबंधक समिति के अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता की शुरुआत अपने आप से, घर से, स्कूल से और फिर पूरे समाज में करने का आह्वान किया।उन्होंने बताया कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य, बल्कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ाती है।कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक तथा प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य डा.सत्यवान माजरा, दलबीर कैरो महावीर राविश, राजपाल गुहणा, सनी चौशाला आदि रहे।



कैथल। जाट प्राइवेट आईटीआई कैथल में प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा बच्चों को शपथ दिलाते हुए।

---

# शिविर में 62 दिव्यांग छात्रों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया

- सेवा पखवाड़ा के तहत समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारा उद्देश्य: सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

सेवा पखवाड़ा' अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सरकारी मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूंडरी में सिविल अस्पताल कैथल की टीम ने विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. रेनू चावला के मार्गदर्शन में लगाए गए इस शिविर में 62 दिव्यांग छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने बच्चों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच की। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मीनाक्षी ने बच्चों को थेरेपी संबंधी परामर्श दिया, वहीं विशेष शिक्षा विशेषज्ञ नीलू चावला ने अभिभावकों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। ऑडियोलॉजिस्ट भुवन ने श्रवण जांच की और ऑप्टोमेट्रिस्ट जगदीप ने नेत्र परीक्षण किया। सीएमओ डॉ. रेनू चावला ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। इस शिविर के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को विशेष देखभाल और सहयोग प्रदान किया गया है। स्कूल प्रिंसिपल ने सिविल अस्पताल टीम और विशेष रूप से सीएमओ डॉ. रेनू चावला का आभार जताते हुए कहा कि यह पहल दिव्यांग बच्चों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास है कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिलें।



पूंडरी। पूंडरी शिविर में दिव्यांग छात्रों के साथ डॉ रेनू चावला। फोटो :हरिभूमि

---

# समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करवाएं सभी अधिकारी व कर्मचारी

- चीनी मिल में किया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने सभी कर्मचारियों व अधिकारियों से आह्वान किया कि वे एक नियमित अन्तराल के पश्चात अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवाएं, ताकि किसी भी बीमारी का प्रारम्भ में ही पता चलने पर उसका उपचार हो सके। प्रबंध निदेशक ने शुक्रवार को चीनी मिल परिसर में स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के तहत सिग्नस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कैथल के सौजन्य से आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम अपनी दिनचर्या में इतने व्यस्त हो रहे है कि हम अपने स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान नहीं दे पाते और छोटी-मोटी बीमारी को नजर अंदाज कर देते है। यदि हम समय-समय पर अनुभवी चिकित्सकों से अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहें तो किसी भी बीमारी को विकराल रूप धारण करने से पहले ही नियंत्रित किया जा सकता है।



शिविर में कर्मचारियों की जांच करते चिकित्सक

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मिल के मुख्य लेखा अधिकारी सतीश काजला, मुख्य रसायनविद् कमलकांत तिवारी, उप मुख्य अभियन्ता आमिर हुसैन जुबैरी, नोडल अधिकारी अवनिंद्र चौहान, मेडिकल स्टाफ से डा. गौरव, नेहा, संदीप कौर आदि रहे।

---

### स्वच्छ हरियाणा, सुंदर हरियाणा' अभियान: कलायत में सफाई मुहिम तेज

**कलायत।** स्वच्छ हरियाणा, सुंदर हरियाणा' अभियान के तहत कलायत शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए नगर पालिका ने एक ठोस रणनीति बनाई है। इस मुहिम को गति देते हुए, 25 सितंबर को एक बड़े सफाई अभियान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहर के सभी वार्डों के लोग और उनके प्रतिनिधि बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। डीएमसी कपिल कुमार के निर्देश पर, नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने शुक्रवार को पार्षदों और शहर के गणमान्य लोगों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका प्रधान अंकित जैलदार ने की, जिसमें कलायत की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उपायों पर गहन चर्चा की गई। बैठक के बाद, सभी ने मिलकर नगर पालिका परिसर में पौधारोपण भी किया। नगर पालिका प्रधान अंकित जैलदार और सचिव पवन शर्मा ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार 24 अगस्त से 7 नवंबर तक पूरे हरियाणा में एक व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस राज्यव्यापी पहल के तहत, कलायत में भी लगातार सफाई का काम जारी है। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को होने वाला विशेष अभियान इस मुहिम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दिन, सभी पार्षद और उनके प्रतिनिधि अपने-अपने वार्डों के नागरिकों के साथ मिलकर सफाई करेंगे और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे। इसका उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों में साफ-सफाई के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाना भी है। प्रधान अंकित जैलदार और सचिव पवन शर्मा ने शहर के सभी पार्षद प्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों से इस मुहिम में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की।

---

### इनेलो बीसी सैल की बैठक संपन्न

**राजौंद।** इनेलो बीसी सैल के जिलाध्यक्ष सोनू वर्मा की अध्यक्षता में राजौंद में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने वाले ताऊ देवीलाल जयंती सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि कैथल जिले और राजौंद से हजारों कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक समारोह में शामिल होकर ताऊ देवीलाल की जयंती को भव्य बनाएंगे।बैठक में बीसी सैल के जिला अध्यक्ष सोनू वर्मा ने बताया कि ताऊ देवीलाल किसानों, मजदूरों, गरीबों और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज रहे हैं। उनके आदर्शों और संघर्षों को आज भी लोग याद करते हैं। सम्मान समारोह में कैथल जिला बड़ी संख्या में भागीदारी करेगा, जिससे यह संदेश जाएगा कि इनेलो का जनाधार आज भी मजबूत और जीवंत है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### ढांड में जल्द शुरू होगा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम

**कैथल।** जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने बताया कि ढांड खंड के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ढांड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम का निर्माण अंतिम चरणों में है। जल्द ही यह पायलट प्रोजेक्ट ढांड में शुरू किया जाएगा। इसके लिए जल्द खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में सरपंच, पंच, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों तथा स्वच्छ भारत मिशन की टीमों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में तीन मशीनें लगाई गई हैं, जो पहले प्लास्टिक को साफ करेगी, इसके बाद दूसरी मशीन द्वारा दाना बनेगा और तीसरी मशीन से इसकी गांठ तैयार होगी।

---

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस ने माता-पिता की स्मृति में लगाया शिविर

# रक्तदान से शरीर को कई तरह के लाभ मिलते हैं स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला द्वारा अपने स्व. पिता दौलतराम व माता शाणी देवी की स्मृति में शुक्रवार को हिंदू कन्या महाविद्यालय के सामने सेवा सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों के लोगों ने एकसाथ रक्तदान कर जहां मिसाल कायम की वहीं शहर के समाजसेवियों, चिकित्सकों, गणमान्य लोगों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया और रक्तदान किया। शिविर में रक्तदान को लेकर इतना उत्साह था कि एक-एक कर 151 रक्त यूनिट एकत्रित हो गई। शिविर आयोजक डा. भोला व उनके परिवार के सदस्यों ने भी रक्तदान किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरी तन्मयता से अपनी डयूटी निभाई रक्त का संग्रहण किया। रक्तदान शिविर की खास बात यह रही कि इसमें न कोई मुख्यअतिथि था और न ही कोई विशिष्ठ अतिथि। हर कोई आमजन की तरह रक्तदान शिविर में पहुंचा और रक्तदान किया।



जींद। शिविर आयोजक डा. भोला के रक्तदान करने पर उनकी हौंसलाअफजाही करते हुए डिप्टी स्पीकर। फोटो :हरिभूमि

### रक्तदान के लाभ के बारे में दी जानकारी

*शिविर में रक्तदाताओं का हौंसाल बढ़ाते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, सीएमओ डा. सुमन कोहली, जयभगवान बैरागी, सीता राम, मुकेश राठोड़, सुभाष अनेजा, राजकुमार गोयल, राजकुमार भोला, विनोद कुमार, कमलेश, सीमा भोला, ऊषा, रितेन, अर्षित, सुरेंद्र चौहान, शिवचरण शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर को कई तरह के भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। इससे जहां तनाव कम होता है वहीं भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार होता है। सभी मुख्यअतिथियों ने रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही करते हुए कहा कि ब्लड डोनेशन के दौरान शारीरिक जांच होती है जिससे अपने स्वास्थ्य के बारे में पता चलता है। नेगेटिव भावनाओं से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। डा. भोला की पत्नी सीमा भेला, बेटे कार्तिक भोला, बहन कमलेश, ऊषा, रितेन ने कहा कि रक्तदान करने से किसी का बहुमूल्य जीवन बचाया जा सकता है।*